राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2024/ दिनांकः

समस्त निदेशक, प्राचार्य/प्राचार्या
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय।

विषयः– महाविद्यालय में सत्र 2024–25 में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कार्यालय पत्रांक क्रमांकः परीक्षा 6–अ/2024/1768 दिनांक 16.10.2024, परीक्षा 5–अ/2024/CE/2114 दिनांक 06.11.2024 एवं क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2024/26 दिनांक 08.11.2024 की निरन्तरता में लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में आपके महाविद्यालय में नवीन प्रवेशित छात्र/छात्रों का विश्वविद्यालय में ऑनलाईन पंजीकरण की CSV फाईल अपलोड करने कि तिथि 25.11.2024 थी जिसे बढ़ाकर 30.11.2024 तक अपलोड़ किया जाना अनिवार्य है। अतः आप सभी प्रवेशित छात्रों की योग्यता/पात्रता की जाँच कर राज्य सरकार की प्रवेश नीति सत्र 2024–25 व विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशानुसार महाविद्यालय/विभाग पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

विद्यार्थियों के पंजीकरण करते समय छात्र/छात्रा का नाम, पिता का नाम, माता का नाम इत्यादि की जानकारी बोर्ड द्वारा प्रदत सैकेण्ड्री, सीनियर सैकेण्ड्री परीक्षा की अंकतालिका एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकतालिकाओं के अनुसार ही अंकित करें।

साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु ABC ID/APAAR ID का होना आवश्यक है। अतः आपके महाविद्यालय/विभाग में अध्ययनरत सभी छात्रों का ABC ID में पंजीकरण करवाकर उसकी सूचना महाविद्यालय पोर्टल पर अंकित करने का श्रम करें।

नोटः– **नियमित छात्रों के परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करते समय उनके महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं नियमानुसार सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम उत्तीर्णांक होना आवश्यक है।**

25.11.24
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2024/2140 – 150 दिनांकः 25/11/24
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. समस्त उप कुलसचिव (नामांकन/गोपनीय/डिग्री/सैलर–I एवं II/विविध), रा.वि.वि., जयपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. समस्त सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी (नामांकन/गोपनीय/डिग्री/सैलर– I, II/विविध), रा.वि.वि. जयपुर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को सभी महाविद्यालयों की लॉगिन आई.डी. (Login ID) एवं मेल आई.डी. पर अपलोड करने का श्रम करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)